परियोजना का नाम :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकास खण्ड बेतालघाट के अन्तर्गत पॉगकटारा से खलाड़ तक मोटर मार्ग का नव निमार्ण।

प्रारुप–6

# प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

आज दिनाँक 09/12/2019 को निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग नैनीताल के द्वारा पॉगकटारा से खलाड़ तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु समरेखणों का स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री गणेश तिवारी, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री विजय सिंह [illegible] राजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री विजय विष्ट, अपर सहायक अभियन्ता एवं विभागीय अमीन द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु समरेखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक समरेंखणो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखण उपयुक्त पाया गया है, उसमें 1100 (मी0) नाप भूमि से, 300 (मी0) सिविल भूमि से, शून्य (मी0) वन पंचायत से, 1600 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस स्थल के चयन में कुल 2.700 हे0 मे से नाप भूमि 0.990 हे0, सिविल भूमि 0.270 हे0, वन पंचायत भूमि शून्य हे0, आरक्षित वन 1.440 हे0 भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.710 हे0 भूमि के वन हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेंखण पर 231 वृक्ष भिन्न–2 प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 86 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

इस समरेंखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये वह मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने हेतु सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से समरेंखण उपयुक्त नही पाया गया है।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित समरेंखण संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित समरेंखण आरक्षित वन 4 एव 6 कक्षों से गुजरता है। इन कक्षों की वर्तमान वन आच्छादन है एवं इन कक्षों में भिन्न–भिन्न प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि खलाड़ एवं प्रभावित होने वाली सिविल सोयम (बंजर) भूमि पर भिन्न–भिन्न प्रजाति के वन हैं, जिनका वर्तमान वन आच्छादन है। चुने गये समरेखण का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान $79^0 24' 27.06'' E$, $29^0 29' 24.17'' N$ है तथा यह समरेखण तोक गडखेत से पांगकटारा मोटर मार्ग के अन्तिम स्थान पांगकटारा से प्रारम्भ होता है तथा समरेंखण का अन्तिम स्थान खलाड़ है जिसका GPS मान $79^0 24' 53.64'' E$, $29^0 29' 51.95'' N$ है।

चयनित उपयुक्त समरेंखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है। चयनित उपयुक्त समरेंखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0<br>नैनीताल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| पटवारी | तहसीलदार<br>तहसीलदार बेतालघाटी<br>जिला – नैनीताल | उपजिलाधिकारी<br>उप जिलाधिकारी कोश्यां कुटौली जनपद नैनीताल<br>नैनीताल | जिलाधिकारी<br>जिलाधिकारी<br>नैनीताल |

| | | |
|---|---|---|
| वन क्षेत्राधिकारी<br>वन क्षेत्राधिकारी<br>कोसी वन क्षेत्र<br>नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल | उप प्रभागीय वनाधिकारी<br>उप प्रभागीय वनाधिकारी (मु०)<br>नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल. | प्रभागीय वनाधिकारी<br>नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल<br>प्रभागीय वनाधिकारी<br>नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल |